पुस्तकालय

1

3241
12/12/12

सत्यमेव जयते

असंशोधित

13 DEC 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पी०सं०मॅ०सं० १४५५ तिथि [illegible]

श्री संजय सिंह टाईगर : (क्रमशः) एक तरफ तो कह रहे हैं कि इसकी प्रक्रिया है और दूसरी तरफ वित्तीय स्थिति का हवाला दे रहे हैं, ये दोनों स्थिति कब ठीक करके इसको परिचालन योग्य बनायेंगे ? आरा एक ऐतिहासिक जगह है, १८५७ के योद्धा वीर कुँवर सिंह की भूमि है, अनेक ऐतिहासिक तथ्य वहां से जुड़े हैं, दूसरे जगह हवाई-अड्डों की मरम्मती और रख-रखाव किया जा रहा है और नये हवाई-अड्डा के निर्माण की बात की जा रही है, यहां के पूर्ण निर्मित्त हवाई-अड्डा को फिर से परिचालन योग्य बनाने की बात कही जा रही है तो टाल-मटोल वाला उत्तर दिया जा रहा है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से स्पष्ट जवाब चाहता हूँ कि इसे परिचालन योग्य बनाना चाहते हैं या उसको इसी तरह के उत्तर में उलझा कर रखना चाहते हैं ?

अध्यक्ष : माननीय मंत्री ने बहुत ही आपको साकारात्मक जवाब दिया है ।

श्री संजय सिंह टाईगर : अध्यक्ष महोदय, यह साकारात्मक जवाब है तो नकरात्मक जवाब क्या होता है ?

अध्यक्ष : बैठिए ।

तारांकित प्रश्न सं०-१२१(श्री राजेश सिंह,स०वि०स०)

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय, खंड-१ वस्तुस्थिति यह है कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद सृजन हेतु पुलिस अधीक्षक,बेतिया द्वारा जो प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, वह अधूरा है । आपत्ति निराकरण एवं अतिरिक्त सूचनायें हेतु पुनः पुलिस अधीक्षक,बेतिया को प्रस्ताव वापस भेजा गया है । पुनरीक्षित प्रस्ताव प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी ।

खंड-२ वस्तुस्थिति यह है कि वर्त्तमान व्यवस्था में भी अपराध नियंत्रित हैं ।

खंड-३ खड-१ में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

श्री राजेश सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि माननीय मंत्री जी ने कहा कि अपराध नियंत्रित है । धनहा चूँकि अपराध का जंगल दस्यू का गढ़ रहा है और २००० जब से मैं विधायक हूँ, उसके पहले की स्थिति यह रही है कि महीनों में १० से ज्यादा अपहरण होते थे और इधर भी २०१० एवं २०१२ में भी बगहा के अन्तर्गत बाल्मीकीनगर एवं चुटहा थानों में अपहरण हुए हैं । आरक्षी अधीक्षक,बेतिया के माध्यम से जो त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट भेजा गया, उसको दुरूस्त कराकर के फर्स्ट फेज में एक समय सीमा के अन्दर कब तक एक अनुमंडल पुलिस आरक्षी का पद धनहा में सृजित करना माननीय मंत्री महोदय चाहते है, मैं एक समय सीमा चाहता हूँ ?

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय, जैसा कि मैंने बताया कि एस०पी० से जो प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, उसमें कुछ अतिरिक्त सूचनायें और कुछ आपत्तियां थी, जिसे निराकरण हेतु उनको भेजा गया है और उनका पुनरीक्षित प्रस्ताव आने पर उनपर कार्रवाई की जायेगी । लेकिन उसके साथ ही जो सूचना है सरकार को कि माननीय सदस्य तो खुद पटरौना में रहते हैं जो उत्तरप्रदेश में आता है । वे खुद इधर आकर रहें तो हमलोग और जल्दी त्वरित गति से इसपर कार्रवाई करेंगे ।

श्री राजेश सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी का सम्मान करता हूँ । मैं ऐसे जगह पर रहता हूँ कि मेरी मजबूरी है उत्तरप्रदेश और बिहार में रहना लेकिन मैं अपनी जिम्मेवारियों को ठीक ढंग से निर्वहन करता हूँ, इसीलिए चौथी बार हूँ माननीय अध्यक्ष महोदय आपकी कृपा से । माननीय मंत्री जी इतने संवेदनशील हैं, मैं इनका सम्मान करता हूँ और मैं निवेदन भी करना चाहता हूँ सरकार से, महोदय अपराध नियंत्रण में, महोदय मेरा स्वयं अपहरण हो चुका है १९८४ में, इसलिए संवेदनशील मुद्दे को मैं उठाना चाहता हूँ और जंगल दस्यू को नेस्तनाबूद करने में मैंने हर भूमिका निभायी है । इसलिए भी मैं पटरौना मे रहता हूँ और मेरा जन्म भी पटरौना के अन्दर हुआ है । इसके लिए मुझे कोई अफसोस नहीं है । लेकिन मेरा जो कर्मभूमि है और मेरा जो काम है, मेरा जो गांव है, मेरा वह गांव आज भी वही है, जो रंगोली गांव है और उसको अपराधमुक्त कराने के लिए हम हर काम करने की कोशिश की है । इसलिए आपका संरक्षण चाहता हूँ और माननीय मुख्यमंत्री महोदय जो देश और दुनिया में ख्याति अर्जित किये हैं, माननीय मुख्यमंत्री जी बैठे हुए हैं, इसलिए मैं चाहता हूँ कि ...........

अध्यक्ष : आप सफाई देने में क्यों चले गये हैं, आप बैठिए । माननीय मंत्री ।

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय, हमने तो सिर्फ एक सूचना जो सरकार को थी, उसको हमने सदन से शेयर किया । हमने यह कभी नहीं कहा और सरकार पूरी तरीके से आश्वस्त है कि माननीय सदस्य जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर रहे हैं, इसमें सरकार को कोई शक नहीं है । मैंने तो एक सिर्फ सूचना सदन से शेयर किया और जहां तक इसकी बात है, मैंने कहा कि सरकार चूँकि इसमें साकारात्मक सोच रखती है, इसलिए हमने सरकार के तरफ से पुनरीक्षित प्रस्ताव मांगा है और पुनरीक्षित प्रस्ताव आते ही सरकार उसपर त्वरित कार्रवाई करेगी, माननीय सदस्य को आश्वस्त रहना चाहिए ।

श्री राजेश सिंह : साकारात्मक जवाब के लिए धन्यवाद ।

## तारांकित प्रश्न सं०-१२२(श्री वीरेन्द्र सिंह,स०वि०स०)

श्री सुशील कुमार मोदी,उप मुख्यमंत्री : खंड-१ उत्तर स्वीकारात्मक है ।

खंड-२ उत्तर अस्वीकारात्मक है । जिला पदाधिकारी, गया के पत्रांक-१०५९ दिनांक २६.११.२०१२ के अनुसार जनगणना २००१ के अनुसार कोल्हना गांव की जनसंख्या १९७२ है ।

खंड-३ प्रश्नगत ग्राम कोल्हना में बीजनेस कौरेसपौंडेस द्वारा मार्च,२०१३ तक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना प्रस्तावित है । प्रश्नगत गांव कोल्हना गांव की जनसंख्या ५००० से कम है, इसलिए वित्त मंत्रालय,भारत सरकार के निर्देश के आलोक में बैंक शाखा खोलना प्रस्तावित नहीं है ।